# कछुआ चाल से चल रहा गेंहू का उठान, अनाज मंडी एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**डीसी व एजेंसियों कर चुके 6 बार शिकायत, गेंहू उठान में आ रही शार्टेज, न हो रही पेमैंट**

अभिषेक पूर्णिमा

**पिहोवा (जगमार्ग न्यूज)।** अनाज मंडी के प्रधान नंदलाल सिंगला और समस्त कार्यकारिणी ने आज मार्किट कमेटी ऑफिस में एसडीएम अमन कुमार को ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने मंडी में कमजोर उठान के लिए आक्रोश व्यक्त किया। प्रधान नंदलाल सिंगला ने बताया कि आढती एसोसिएशन ने सभी खरीद एजेंसियों को, उपायुक्त को, एसडीएम को और सभी ट्रांसपोर्टस को लगभग छह बार ज्ञापन दिया है। इसके बावजूद भी उठान में कोई तेजी नहीं आई है जिससे सभी आढतियों में रोष व्याप्त है। लगभग 15 दिन पहले तुला हुआ माल अभी तक नहीं उठा जिससे गेहूं में शॉर्टेज आ रही है।

**⇨ एसडीएम ने मंगवाई गाड़ियों की लिस्ट, सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन**



उन्होंने एसडीएम से सवाल किया कि इस शॉर्टेज के लिए ठेकेदार को या प्रशासन को किसी कसूरवार माना जाए। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम को बताया कि उठान कम होने की वजह से किसानों के खाते में पेमेंट का भुगतान नहीं हो रहा जिसकी वजह से किसानों में भी आक्रोश है और किसान यूनियन ने मंडी घेराव की चेतावनी दी हुई है। एसडीएम ने सभी बातों को सुना और ठेकेदार को बुलाकर उनसे गाड़ियों की लिस्ट मंगवाई। आढती एसोसिएशन ने एसडीएम के सामने यह मांग रखी की कि अनाज मंडी के शेड के नीचे ही माल का जमाव कर दिया जाए और साथ ही उन्होंने यह आश्वासन दिया कि माल की सुरक्षा के लिए मंडी की तरफ से दो चौकीदारों की नियुक्ति भी कर दी जाएगी। एसडीएम ने और डीएफसी इंस्पेक्टर ने उनकी बातों पर विचार किया और कहा जल्दी ही अनाज मंडी के शेड के नीचे ही माल का जमाव कर दिया जाएगा और माल के चक्के लगा दिए जाएंगे। आढती रामकुमार व चतुर्भुज गर्ग ने नीम वाला केंद्र की समस्याओं पर एसडीएम से बात की और वहां की कमजोर उठान व्यवस्था के बारे में बताया। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही वहां की समस्याओं को भी हल कर दिया जाएगा। कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल धवन ने एसडीएम साहब के सामने सुझाव रखा कि आगे से मंडियों की उठान व्यवस्था का ठेका अनाज मंडी एसोसिएशन को ही दिया जाए। इस अवसर पर प्रधान नंदलाल सिंगला, उपप्रधान लखविंदर सिंह, सचिव रमेश मितल, कार्यकारिणी सदस्य और मंडी के समस्त आढती उपस्थित थे।

# नकली व महगें बीज बेचने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

जगमार्ग न्यूज



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार शनिवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के गुण नियंत्रक एसडीओ जितेंद्र मेहता की टीम ने अलग-अलग जगहों पर बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की। यह छापेमारी किसानों के माध्यम से बीजों को लेकर बरती जा रही अनियमितता से संबंधित मिली शिकायतों के आधार पर की गई है।

गुण नियंत्रक एसडीओ जितेन्द्र मेहता ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार और उपनिदेशक के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों ने बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करके 11 सैंपल लिए है। इसके साथ ही प्रतिष्ठानों के दस्तावेजों की भी जांच की गई है। इस जिले में बीजों की किस्मों को लेकर किसानों की तरफ से लगातार शिकायतें मिल रही थी। इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त द्वारा आदेश जारी किए गए। इन आदेशों के अनुसार विशेष सैंपलिंग अभियान शुरू किया गया है, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। अब इस जिले में अब तक बीजों के 47 सैंपल लिए गए है। कृषि विभाग द्वारा दुकानदारों का आह्वान किया गया है कि वे किसी भी बीज की बिक्री प्रिंट रेट से ऊपर ना करें। यदि कोई दुकानदार ऐसी किसी भी घटना में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ने रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर व्यक्त किया शोक



कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गहरी वेदना हुई है। एक पिता का निधन किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता लाता है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

### संत निश्चल सिंह स्कूल में लिटरेसी क्लब ने अंग्रेजी विषय पर सेमिनार आयोजित किया



**लाडवा (जगमार्ग न्यूज)।** संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल में लिटरेसी क्लब द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अमरजीत कौर संधू ने बताया कि इस प्रोग्राम में आई. जी. एन. कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर रोशन लाल गोयल ने शिरकत की। उन्होंने सेमिनार में छात्र-छात्राओं से अंग्रेजी विषय पर खुलकर बात की व उन्हें अंग्रेजी विषय की बारीकियो से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी केवल संदेशवाहन का ही माध्यम नहीं अपितु इसकी पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है। जहां आज के छात्र विदेशों में अपने आप को एडजस्ट करना चाहते हैं तो इस विषय की मांग और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने स्कूल प्राचार्या अमरजीत कौर संधू की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमरजीत कौर संधू लाडवा व आसपास के क्षेत्र में दूरदर्शी व्यक्तित्व की महिला है। स्कूल प्राचार्या ने रोशन लाल गोयल की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाडवा क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि वे अपने ज्ञान से लाडवा क्षेत्र को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### भारत विकास परिषद ने लगाया ठाकुरी देवी स्कूल में हीमोग्लोबिन जांच शिविर



**लाडवा (जगमार्ग न्यूज)।** भारत विकास परिषद शाखा लाडवा द्वारा ठाकुरी देवी स्कूल में हिमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया। इसके अंतर्गत शाखा लाडवा के द्वारा 90 लड़कियों के खून की जांच की गई एवं हिमोग्लोबिन चेक किया गया। सीनियर अध्यापिका रितु गुलाटी एवं प्रिंसिपल रामपाल सिरोही द्वारा टीम का स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्कूल की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की खून की जांच की गई। डॉक्टर अमृतपाल गर्ग ने खानपान एवं खून को बढ़ाने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महिला प्रमुख ऋतु बंसल, पूनम सैनी, प्रियंका गोयल एवं दूसरी महिला सदस्याएं शामिल हुई। इस मौके पर शाखा लाडवा के अध्यक्ष नवनीत सिंगल, सचिव हेमंत कुमार सैनी, अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्तिथि रही। प्रकल्प प्रमुख प्रियंका गोयल ने बताया कि भारत विकास परिषद हर वर्ष इसी प्रकार से सेवा के कार्य समाज के हित के लिए लगातार करता रहता है।

### आर्ट इंटीग्रेशन पर क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन

**लाडवा (जगमार्ग न्यूज)।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ने अपने सेमिनार हॉल में आर्ट इंटीग्रेशन पर एक क्षमता वर्धन कार्यशाला की मेजबानी की। सीबीएससी से रिसोर्स पर्सनस शीतल शर्मा और रेखा चौहान ने शिक्षकों को कला एकीकरण के उद्देश्यों और रूपों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विषयों में कला को एकीकृत करना, डिज़ाइन तैयार करना, उसका अभ्यास करना और उसे लागू करने की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को रचनात्मक लेखन, भारतीय पारंपरिक कहानी कहने, नृत्य, फोटोग्राफी, रोल प्ले, वीडियो, संगीत और पेंटिंग सहित कला के विभिन्न रूपों से अवगत कराया। विभिन्न विषयों के साथ कला का एकीकरण छात्रों का ध्यान आकर्षित करता है और उन्हें रचनात्मक कार्यों में शामिल करता है।

# पूरे क्षेत्र को देश का नंबर-वन लोकसभा क्षेत्र बनाने का करूंगा प्रयास: जिंदल



जगमार्ग न्यूज

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल को किसानों से बहुत प्यार है और यही वजह है कि आज यहां किसानों के एक समूह ने गेहूं की बालियां भेंटकर सम्मानित किया। नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे। वे पिहोवा में जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत लोगों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के माध्यम से किसान भाइयों ने ही हमारे देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया, जिसके लिए हम सभी आभारी हैं। वे बाऊजी ओपी जिन्दल के बताए मार्ग पर चलते हुए प्रत्येक कुरुक्षेत्र वासी को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं और उनके सुख-दुख के साथी हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मिलकर पिहोवा को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए दृढ़-संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से उन्होंने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। उन सुझावों के आधार पर पूरे क्षेत्र को देश का नंबर-वन लोकसभा क्षेत्र बनाने का प्रयास वे करेंगे। इस अवसर सुभाष सुधा, स. संदीप सिंह, रवि बतान, तरुण भंडारी, अन्य भी उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद हर शनिवार लगाती है निशुल्क चिकित्सा शिविर

**पिहोवा (जगमार्ग न्यूज)।** भारत विकास परिषद की ओर से आज निशुल्क होम्योपैथिक शिविर का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष भारत भूषण को पपनेजा एवं उपाध्यक्ष अजय रोहिल्ला ने बताया कि हर शनिवार को जेपी कॉलोनी स्थित भारत विकास परिषद भवन में हर शनिवार को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाया जाता है। शिविर में दास कलीनिक कयोडक के होमयोपैथिक चिकित्सक बीएचएमएस डा. चिराग तंवर हर शनिवार को परिषद भवन में पहुंचकर मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि हर शनिवार को लगभग 600 से 800 मरीज स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए पहुंचते हैं। यह शिविर लगभग डेढ़ वर्षो से निशुल्क आयोजित किया जा रहा है। डेढ़ वर्ष से हर सप्ताह कैंप में अब तक 8 से 10 हजार मरीजों की जांच की जा चुकी है और उन्हें निशुल्क फ्री दवाइयां भी प्रदान की जा चुकी है। मरीज से केवल तीस रूपऐ फीस ली जाती है और दवाइयां का कोई पैसा नहीं लिया जाता। इस अवसर पर अमन, संदीप सैनी, देव पूर्णिमा, अभिषेक, मोहनलाल, विजय कुमार, निर्भय छाबड़ा सहित भारत विकास परिषद के सदस्य सहित अनेक मरीज उपस्थित थे।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा में आप पार्टी को मिल रहा जनता का भारी समर्थन: सरोज मानव

जगमार्ग न्यूज



**कुरुक्षेत्र।** आप पार्टी की सिरसा जिला की प्रधान एवं थानेसर विधानसभा प्रभारी सरोज मानव ने थानेसर खंड के गांवों घमुर खेड़ी, डोडा खेड़ी, हरियापुर, बिशनगढ़, बहादुरपुरा, सिंगपुरा आदि गांवों का दौरा कर लोगों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में वोट की अपील की। गांव में प्रचार के दौरान सरोज मानव ने लोगों से मिलकर बहुत खुश हुई। उन्होंने कहा कि देश की जनता अलोकतांत्रिक ताकतों का जमकर विरोध करेगी, तानाशाही बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार सुशील गुप्ता एक समाजसेवी, सुशील स्वभाव, मिलनसार, नेक दिल इंसान हैं। कुरुक्षेत्र की जनता डॉ. सुशील गुप्ता को दिल खोलकर समर्थन दे रही है, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि डॉ. सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज को संसद में उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब से पहले जो भी सांसद कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनकर गए हैं, उन्होंने कभी भी कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज नहीं उठाई है।


उन्होंने भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद नवीन जिंदल पर आरोप लगाया कि वे ना तो कोरोना काल में जनता की सुध ली। किसान आंदोलन के दौरान भी उन्होंने किसानों की सुध नहीं ली। ऐसे में अबकी बार जनता ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का मन बना लिया है।

इस दौरान उनके साथ पालाराम सिंहपुरा, बलवंत सैनी पूर्व सरपंच, रोशनलाल जांगड़ा, सरपंच अनिल कुमार डोडाखेड़ी,औम प्रकाश मस्ताना जिला प्रधान, चरणजीत सिंह, निधान सिंह, पूर्व सरपंच रिछपाल सिंह, पूर्व सरपंच तख्त सिंह, भूपिंद्र फौजी, जसबीर कम्बोज, जरनैल सिंह कम्बोज , रणसिंह, जसवंत सिंह, सुरेन्द्र सिंह झोरड़ा, कुलवंत भंगु, , सुनील ढंढुर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा व इनेलो के उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे डॉ. सुशील गुप्ता: सुरेंद्र मित्तल

जगमार्ग न्यूज

**⇨ कई संस्थाओं से जुड़े डॉक्टर सुशील गुप्ता ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष हैं। उन्हें मिल रहा है इन सभी संस्थाओं से भरपूर समर्थन**



**कुरुक्षेत्र।** आप पार्टी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं आप पार्टी के पूर्व जिला प्रधान सुरेंद्र मित्तल बिट्टू ने कहा है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता दूसरे उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे हैं। डॉक्टर सुशील गुप्ता का चुनाव अभियान गति पकड़ रहा है । डॉक्टर सुशील गुप्ता कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा में जाकर मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं ।

प्रचार अभियान के दौरान डॉक्टर सुशील गुप्ता को मतदाताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सुशील गुप्ता भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के मुद्दों को लोगों के सामने उठाकर वोट की अपील कर रहे हैं। इस दौरान डॉक्टर सुशील गुप्ता लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि अगर इंडिया गठबंधन कि देश के अंदर सरकार बनी तो देश की जनता को सभी वे सुविधाएं दिलाने का काम किया जाएगा जो भारतीय जनता पार्टी ने जनता से छीनी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एनडीए गठबंधन को हारने के लिए बना है ।

जिस तरीके से इंडिया गठबंधन के सभी नेता जी जान से इंडिया गठबंधन में शामिल के प्रत्याशियों को मदद कर रहे हैं उसे निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से डॉक्टर सुशील गुप्ता को जनता का जो समर्थन मिल रहा है उससे उनकी जीत सुनिश्चित है।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर सुशील गुप्ता एक सामाजिक व धार्मिक व्यक्ति हैं और हमेशा समाज के लोगों के भले के लिए काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर सुशील गुप्ता किसी परिचय के मोहताज नहीं। वे कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक ब्रह्म सरोवर के किनारे पर बना रहे ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष है और इसके अलावा वे कई संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं। इन सभी संस्थाओं व कार्यकर्ताओं का समर्थन भी डॉक्टर सुशील गुप्ता को मिल रहा है।

# कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में की वोट की अपील




जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद हल्का के गांव बजगांव और संतोखपुरा में वोट की अपील की। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा ने खेतों तक जाकर जन-जन से डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की।

स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। मान सिंह बजगांवा ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाडू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजय बनाना है।

# गांव धनानी में अढाई एकड़ गेंहू की फसल व दर्जनों एकड़ गेंहू के फाने जलकर हुए राख

जगमार्ग न्यूज



**बाबैन।** गांव धनानी में देर शाम आसमानी बिजली ट्रासफार्मर पर गिरने से गेंहू के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़ पड़े और इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। ग्रामीणों व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक अढाई एकड़ गेंहू की फसल व दर्जनों एकड़ गेंहू के फाने जलकर राख हो चुकी थी।

पीड़ित किसानों ने सरकार व प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। गांव धनानी के सरपंच सुखश्याम ने बताया कि शुक्रवार को देर शाम सूचना मिली कि गांव धनानी के खेतों में गेहूं की फसल व फानों में आग लग गई है तो ग्रामीण साधन लेकर मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टरों की सहायता से आग पर काबू पाने में जुट गए। आग लगने से धनानी निवासी सुरेंद्र सिह के एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गए। वहीं आग लगने से सुनारियों निवासी सतपाल के एक एकड़ गेंहू की फसल व लगभग 7 एकड़ में गेहूं के फाने जल गए। पीड़ित किसान सुरेंद्र व सतपाल ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। किसान सुरेंद्र व सतपाल ने बताया कि जो गेहूं की कटाई हुई थी वो मंडी में पहुंचा दी थी और बाकि बची हुई फसल को घर पर खाने के लिए अनाज रखना था। लेकिन फसल व फाने जलने से अब उनके पास ना ही तो खाने के लिए अनाज बचा है और ना ही पशुओं के चारे के लिए फाने बचे हैं। ऐसे में वो अपने घर का गुजर बसर कैसे करें। सरकार से अनुरोध है कि उचित मुआवजा देकर राहत देने का काम किया जाए। आग लगने की सूचना जैसे जिला परिषद सदस्य सुखविन्द्र कौर के प्रतिनिधि अशोक हमीदपुर को लगी तो अशोक हमीदपुर ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में किसानों की मदद की और अशोक हमीदपुर ने पीड़ित किसानों को हौंसला दिया। अशोक हमीदपुर ने किसानों को सरकार से उचित मुआवजा दिलवाने में किसानों की मदद करने का आश्वासन दिया।

# कानूनविद् व समाजसेवी एडवोकेट अंकित गुप्ता को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



जगमार्ग न्यूज

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव, कानूनविद् एवं समाजसेवी अधिवक्ता एडवोकेट अंकित गुप्ता को विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग द्वारा दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्रालय से संबंद्ध आयोग के संसदीय सचिव व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय सदस्य फ्रांसिस्को सारदीन्हा, आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार राऊतरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा बॉलीवुड एक्ट्रेस एवं डायरेक्टर दिया मिर्जा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

अंकित गुप्ता को पहले भी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए सम्मानित किया जा चुका है ।

डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर डॉक्टर अंकित गुप्ता ने कहा है कि मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और एडवोकेट के साथ डॉक्टर होना मेरा सौभाग्य है, गुप्ता ने अपनी इस उपलब्धि को अपने माता-पिता, धर्मपत्नी व अपने समाज व प्रियजनों को समर्पित किया और कहा कि समाज द्वारा प्रोत्साहित किए जाने के कारण ही यह संभव हो सका है ।

## गेहूं मंडियां

**अब तक 77483 किसानों की फसल की गई है खरीद**

# एजेंसियों ने खरीदी 5 लाख 16 हजार 221 एमटी गेहूं: शांतनु

जगमार्ग न्यूज

**⇨ जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है**

**⇨ एजेंसियों ने अब तक 2 लाख 41 हजार 368 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य किया पूरा**



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 5 लाख 16 हजार 221 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2 लाख 41 हजार 368 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। एजेंसियों द्वारा अब तक 77483 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 26 अप्रैल 2024 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 5 लाख 16 हजार 221 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 53 हजार 204 एमटी, हैफेड द्वारा 2 लाख 42 हजार 155 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 20623 व ट्रेडर्स द्वारा 239 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अजराना कला मंडी में 5052 एमटी, अमीन मंडी में 2460 एमटी, बाबैन मंडी में 23501 एमटी, बारना मंडी में 1642 एमटी, भौर सैयदां मंडी में 3004 एमटी, बोधनी मंडी में 8008 एमटी, चढुनी जाटान मंडी में 1900 एमटी, गुमथला गढु मंडी में 19026 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 76098 एमटी, झांसा मंडी 9851 एमटी, कराह साहिब मंडी में 14211 एमटी, किरमच मंडी में 1853 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 92419 एमटी, लाडवा मंडी में 68067 एमटी, लुखी मंडी में 2121 एमटी, मलिकपुर मंडी में 7532 एमटी, नलवी मंडी में 1256, नीमवाला में 4982 एमटी, पिहोवा मंडी में 75190 एमटी, पिपली मंडी में 23996 एमटी, शाहबाद मंडी में 47540 एमटी, थाना मंडी में 3179 एमटी, ठोल मंडी में 23333 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। अब तक खाद्य आपूर्ति विभाग ने 2 लाख 53 हजार 204 एमटी, हैफेड ने 2 लाख 42 हजार 155 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 20623 एमटी व ट्रेडर्स ने 239 एमटी गेहूं की खरीद की है। एजेंसियों द्वारा 2 लाख 41 हजार 368 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें से डीएफएससी द्वारा 1 लाख 25 हजार 360 एमटी, हैफेड द्वारा 1 लाख 12 हजार 890 एमटी, एचडब्लयूसी द्वारा 2879 एमटी व ट्रेडर्स द्वारा 239 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 77483 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा है।

# जेईई मेन्स में गुरुकुल के छात्रों ने फिर लहराया परचम

जगमार्ग न्यूज




**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन्स में सफलता की नई इबारत लिखी है। गुरुकुल के 45 छात्रों ने 90 प्लस परसेंटाइल हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया गया जिससे पूरे गुरुकुल में जश्न का माहौल है। गुरुकुल प्रबंध समिति के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने छात्रों को बधाई दी। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने जेईई मेन्स में मिली सफलता पर गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि गुरुकुल के कुल 45 छात्रों में 9 छात्र ऐसे हैं जिन्होंने 99 प्लस परसेंटाइल हासिल किये है जिनमें देव्यांश कुमार, आयुष राज, गौरव राज, रिक्की हरी, मृत्युंजय श्रीवास्तव, अनुराग पराशर, मानव, आदित्य कुमार, उत्कर्ष शामिल है। इसके अलावा 9 छात्रों के 98 प्लस, 10 छात्रों के 97 प्लस तथा 17 छात्रों के 90 प्लस परसेंटाइल आएं है। गुरुकुल के छात्र देव्यांश कुमार ने 99 प्लस परसेंटाइल के साथ ओबीसी केटेगरी में देशभर में 387वीं रैंक हासिल की है। निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि जेईई मेन्स परीक्षा में देशभर लाखों छात्र शामिल होते हैं।